किरण चाहे सूर्य की हो या फिर आशा की जीवन के सभी अंधकार मिटा देती है !!

yashbharat.co.in

# यश भारत

नये जमाने के साथ..

● वर्ष- 19 अंक 102 ● कटनी ● बुधवार, 14 मई , 2025 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 2 ● विक्रम संवत् 2082


भारत-पाक तनाव के बीच कृति खरबंदा...

पेज 7



# भारत के 52वें CJI बने जस्टिस बीआर गवई, राष्ट्रपति ने शपथ दिलाई



नई दिल्ली ● एजेंसी
yashbharat.co.in

जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई ने आज भारत के 52वें चीफ जस्टिस के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जस्टिस गवई को CJI पद की शपथ दिलाई। मौजूदा CJI संजीव खन्ना का कार्यकाल 13 मई को खत्म हो चुका है। CJI खन्ना के बाद वरिष्ठता सूची में जस्टिस गवई का नाम था। इसलिए जस्टिस खन्ना ने उनका नाम आगे बढ़ाया। हालांकि उनका कार्यकाल सिर्फ 7 महीने का है। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर दिए प्रोफाइल के मुताबिक जस्टिस गवई 24 मई 2019 को सुप्रीम कोर्ट जज के रूप में प्रमोट हुए थे। उनके रिटायरमेंट की तारीख 23 नवंबर 2025 है।

## जस्टिस गवई ने 1985 में कानूनी करियर शुरू किया

जस्टिस गवई का 24 नवंबर 1960 को महाराष्ट्र के अमरावती में जन्म हुआ था। उन्होंने 1985 में कानूनी करियर शुरू किया। 1987 में बॉम्बे हाईकोर्ट में स्वतंत्र प्रैक्टिस शुरू की। इससे पहले उन्होंने पूर्व एडवोकेट जनरल और हाईकोर्ट जज स्वर्गीय राजा एस भोंसले के साथ काम किया। 1987 से 1990 तक बॉम्बे हाईकोर्ट में वकालत की। अगस्त 1992 से जुलाई 1993 तक बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच में सहायक सरकारी वकील और एडिशनल पब्लिक प्रॉसीक्यूटर के रूप में नियुक्त हुए। 14 नवंबर 2003 को बॉम्बे हाईकोर्ट के एडिशनल जज के रूप में प्रमोट हुए। 12 नवंबर 2005 को बॉम्बे हाईकोर्ट के परमानेंट जज बने।

### दूसरे दलित CJI होंगे जस्टिस गवई, डिमॉनेटाइजेशन को सही बताया था

जस्टिस गवई देश के दूसरे दलित सीजेआई होंगे। उनसे पहले जस्टिस केजी बालाकृष्णन भारत के मुख्य न्यायाधीश बने थे। जस्टिस बालाकृष्णन साल 2007 में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बने थे। सुप्रीम कोर्ट जज के रूप में जस्टिस गवई कई ऐतिहासिक फैसलों में शामिल रहे हैं। उनमें मोदी सरकार के 2016 के डिमॉनेटाइजेशन के फैसले को बरकरार रखना और चुनावी बॉण्ड योजना को असंवैधानिक घोषित करना शामिल है। जस्टिस गवई के बाद जस्टिस सूर्यकांत वरिष्ठता सूची में आते हैं। संभावना है कि उन्हें 53वां चीफ जस्टिस बनाया जाएगा।

# नाम बदलने से सच नहीं बदलेगा

## भारत ने चीन को भेजा सख्त संदेश, कहा- अरुणाचल भारत का अभिन्न अंग था, है और रहेगा

नई दिल्ली ● एजेंसी
yashbharat.co.in

चीन लगातार भारत के खिलाफ कदम उठाने की कोशिश कर रहा है। हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में चीन ने पाकिस्तान का खुलकर साथ दिया। वहीं, अब चीन अपनी सीमा से लगे भारतीय इलाकों के ऊपर एक बार फिर से दावा ठोक रहा है। दरअसल, चीन ने एक बार फिर से पूर्वोत्तर भारत के राज्य अरुणाचल प्रदेश में स्थानों के नाम बदलने की बेकार कोशिश की है। अब भारत ने भी चीन के इस कृत्य का तगड़ा जवाब दिया है।





### अरुणाचल भारत का अभिन्न अंग- भारत

चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश में स्थानों के नाम बदलने पर मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्त ा रणधीर जायसवाल चीन को सख्त संदेश भेजते हुए कहा- च्च्नाम बदलने का काम इस निर्विवाद वास्तविकता को नहीं बदलेगा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा।

### व्यर्थ और निरर्थक प्रयास- भारत

चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश में जगहों के नाम बदलने पर भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने चीन को जवाब भेजा है। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा- च्च्हमने देखा है कि चीन ने भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश में जगहों के नाम बदलने के अपने व्यर्थ और निरर्थक प्रयासों को जारी रखा है। हमारे सैद्धांतिक रुख के अनुरूप, हम ऐसे प्रयासों को स्पष्ट रूप से अस्वीकार करते हैं।

### क्या है भारत-चीन का विवाद?

भारत और चीन के बीच की सीमा को वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) कहते हैं। मैकमोहन रेखा भारत के अरुणाचल प्रदेश को तिब्बत से अलग करती है। हालांकि, चीन इसे मान्यता नहीं देता और अरुणाचल प्रदेश को दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा बता कर इस पर दावा करता है। चीन अरुणाचल प्रदेश को जांगनान कहता है। भारत हमेशा से यह कहते हुए चीन के दावों को खारिज करता रहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अटूट हिस्सा है।दरअसल, चीन अक्सर अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा जताने की कोशिश करता रहा है. पिछले साल अप्रैल में चीन ने अरुणाचल प्रदेश के 30 स्थानों के नाम बदलकर चीनी और तिब्बती नाम रख दिए थे.

### चीन कब-कब कर चुका हिमाकत

इससे पहले साल 2017 में चीन ने भारतीय क्षेत्र के छह स्थानों के लिए मानकीकृत नामों की शुरुआती लिस्ट जारी की थी. इसके बाद 2021 में 15 स्थानों वाली दूसरी लिस्ट जारी की गई. 2023 में 11 जगहों के नाम बदलने वाली एक और लिस्ट चीन ने जारी की थी. फिर अप्रैल 2024 में चीन ने अरुणाचल प्रदेश के 30 स्थानों के नामों की एक लिस्ट जारी की.

### जम्मू-कश्मीर में पुलिस ने आतंकियों के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई

# श्रीनगर में 11 जगहों पर छापेमारी 150 लोग निशाने पर

श्रीनगर ● एजेंसी
yashbharat.co.in

भारत की सेनाओं ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला ले लिया है। पाकिस्तान और उसके आतंकी संगठनों के ऊपर बड़ी कार्रवाई की गई है। इस बीच अब जम्मू-कश्मीर में पुलिस ने भी पहलगाम आतंकी हमले के बाद आतंकवादियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू की है। पुलिस ने जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में 11 जगहों पर छापेमारी की है। आइए जानते हैं क्या है पुलिस के इस ऑपरेशन का मकसद।

### आतंकवादियों के खिलाफ सख्त अभियान

जम्मू-कश्मीर में पुलिस ने पहलगाम हमले के बाद आतंकवादियों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस के मुताबिक, बीते 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमलों के बाद 150 आतंकवादियों या उनके सहयोगियों के घरों पप छापेमारी हुई है। पुलिस की ये कार्रवाई आतंकी कार्यों को समर्थन देने वाले बुनियादी ढांचे को खत्म करने के मकसद से की जा रही है।



### पुलिस ने क्या बताया?

जम्मू-कश्मीर पुलिस के प्रवक्त ा कहा है कि इस अभियान के तहत बैन किए गए आतंकी संगठनों के आतंकी सहयोगियों को निशाना बनाया जा रहा है। पुलिस की ओर से,क्क कानून के तहत दर्ज किए गए केस में जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है। इस म में मंगलवार को 11 ठिकानों पर छापा मारा गया है। जम्मू कश्मीर के शोपियां में सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया है। ये तीनों आतंकी लश्कर-तैयबा के थे। भारतीय सेना ने बताया है कि इन आतंकियों को ऑपरेशन केलर के तहत आतंकी संगठन के तीन सदस्यों को मुठभेड़ में मार गिराया गया है। राष्ट्रीय राइफल्स यूनिट को शोकल केलर, शोपियां के सामान्य क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली थी। इसके बाद मुठभेड़ में तीन कट्टर आतंकवादियों को मार गिराया गया।

# सेब के बाद अब 'तुर्की' से नहीं आएगा मार्बल

## व्यापारियों ने पाकिस्तान को सपोर्ट करने वाले पर लिया एक्शन

नई दिल्ली ● एजेंसी
yashbharat.co.in



भारत में तुर्की के खिलाफ गुस्सा देखने को मिल रहा है। पाकिस्तान ने पहलगाम में आतंकी हमला कराया, जिसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया। इसी बीच तुर्की पाकिस्तान के साथ खड़ा नजर आया। तुर्की के साथ भारत का काफी बड़ा बिजनेस चलता है। अब उसके रुख को देखते हुए भारत के व्यापारियों ने तुर्की के साथ काम न करने का ऐलान किया है। इस पर उदयपुर मार्बल प्रोसेसर्स कमेटी के अध्यक्ष कपिल सुराना का बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने कहा कि 'भारत सरकार अकेली नहीं है, अपने देश के साथ हम सब व्यापारी खड़े हैं।

### भारत सरकार के साथ व्यापारी

कपिल सुराना का कहना है कि 'सिर्फ उदयपुर ही नहीं, अगर सभी मार्बल एसोसिएशन तुर्की के साथ अपना व्यापार बंद कर देंगे, तो इससे दुनिया को एक बड़ा संदेश जाएगा। सबको पता चलेगा कि भारत सरकार अकेली नहीं है, बिजनेस और सभी भारतीय हमारी सरकार के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि 'अगर हम तुर्की के साथ व्यापार बंद कर देते हैं, तो भारतीय मार्बल की मांग बढ़ जाएगी।' उन्होंने कहा कि 'अभी मार्बल के अलावा भी एक समान पर रोक लगाई जानी चाहिए, जो तुर्की से आता है। इससे दूसरे देशों को ये मैसेज जाएगा कि भारत कोई भी फैसला लेने में सक्षम है।' आपके बता दें कि इससे पुणे के व्यापारियों ने भी तुर्की से सामान न खरीदने का फैसला किया था। व्यापारियों ने तुर्की के बजाय हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, ईरान से सेब खरीदने का फैसला किया है।

# बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार शॉ को पाकिस्तान ने छोड़ा, अटारी बॉर्डर से आए भारत

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in



आज बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार शॉ, जो 23 अप्रैल 2025 से पाकिस्तान रेंजर्स की हिरासत में थे, को संयुक्त चेक पोस्ट अटारी, अमृतसर के माध्यम से लगभग 1030 बजे भारत को सौंप दिया गया। यह हस्तांतरण शांतिपूर्ण तरीके से और स्थापित प्रोटोकॉल के अनुसार किया गया।20 दिन पहले पाकिस्तान ने बीएसएफ जवान पुर्नम कुमार साहू को पकड़ लिया था। पहलगाम हमले के एक दिन बाद 23 अप्रैल को पुर्नम गलती से पाकिस्तान बॉर्डर में चले गए थे। इसके बाद से वह लापता थे। उनकी गर्भवती पत्नी, पति की वापसी के लिए लगातार प्रयास कर रही थीं। बंगाल के रहने वाले BSF कांस्टेबल पूरन कुमार शॉ बुधवार को भारत लौट आए। उन्हें पाकिस्तान में 23 अप्रैल से रखा गया था। वह वाघा-अटारी बॉर्डर से भारत आए। पूर्णम कुमार शॉ को तब पकड़ा गया था जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बहुत बढ़ गया था। यह तनाव जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए एक हमले के बाद और बढ़ गया था।पंजाब के फिरोजपुर सेक्टर में तैनात चालीस वर्षीय साहू 23 अप्रैल को अनजाने में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर गए थे।

# मंत्री विजय शाह को बर्खास्त कर ने की मांग, जीतू पटवारी ने लिखा पीएम को पत्र

## इंदौर में पार्षद बोली- मुंह काला करने वाले को 51 हजार दूंगी

भोपाल ● यशभारत
yashbharat.co.in



कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए मंत्री विजय शाह के बयान को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। कांग्रेस के प्रदेश जीतू पटवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर शाह को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने और उनके खिलाफ देशद्रोह सहित कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग भी की है।वहीं, इंदौर में कांग्रेस पार्षद यशस्वी पटेल ने घोषणा की है कि वे मंत्री शाह का मुंह काला करने वाले को 51 हजार रुपए का इनाम देंगी। इससे पहले महिला कांग्रेस और सेवादल ने मंत्री विजय शाह का पुतला जलाया। नारेबाजी की। कर्नल कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह के पोस्टर का दूध से अभिषेक किया।

# महाकोशल के चिकित्सा जगत में अपोलो हॉस्पिटल बड़ी उपलब्धि : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

## मुख्यमंत्री ने कैंसर यूनिट, लिनेक मशीन व महाकौशल की प्रथम पेट स्कैन का किया उद्घाटन

जबलपुर ● यशभारत
yashbharat.co.in

*मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार शाम नए आरटीओ भवन के पास नवनिर्मित अपोलो हॉस्पिटल की कैंसर यूनिट, लिनेक मशीन और महाकौशल की प्रथम अति आधुनिक पेट स्कैन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हॉस्पिटल परिसर में श्री राधाकृष्ण की मूर्ति के प्रतिस्थापना कार्यक्रम में शामिल हुए तथा हॉस्पिटल का भ्रमण भी किया।*



नवनिर्मित अपोलो हॉस्पिटल की कैंसर यूनिट, लिनेक मशीन और महाकौशल की प्रथम अति आधुनिक पेट स्कैन का उद्घाटन के पूर्व पूजन करते मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव साथ में सौरभ बड़ेरिया, राजीव बड़ेरिया, डॉ शोभीत बड़ेरिया व विधायक गण

### बड़ेरिया परिवार ने चिकित्सा के क्षेत्र में कई सौगातें दीं

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि जबलपुर न सिर्फ महाकौशल बल्कि विंध्य, बुंदेलखंड व मध्यप्रदेश का केंद्र है। ऐसे में जबलपुर में अपोलो हॉस्पिटल का शुभारंभ बड़ी उपलब्धि है। मां नर्मदा की नगरी संस्कारधानी में सभी प्रकार की सुविधाओं के साथ इस नई सौगात के लिए मैं चेयरमैन डॉ. सौरभ बड़ेरिया, राजीव बड़ेरिया, डॉ. शोभित बड़ेरिया और उनके पूरे परिवार को व्यक्तिगत रूप से बधाई देता हूं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि कष्ट के समय हॉस्पिटल भगवान के मंदिर की तरह लगता है। बड़ेरिया परिवार ने संस्कारधानी को चिकित्सा के क्षेत्र में कई सौगातें दी हैं। इस नाते परमात्मा ने आपको धनवंतरी भगवान का आशीर्वाद भी दिया है। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा के लिहाज से अपोलो हॉस्पिटल में सब कुछ है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह ने की। सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, पनागर विधायक श्री सुशील तिवारी इंदू, विधायक अशोक रोहाणी, विधायक अभिलाष पांडे, विधायक संतोष बरकड़े, भाजपा महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे।

### बड़ेरिया हाउस पहुंचे सीएम

इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बड़ेरिया हाउस पहुंचे और बागेश्वरधाम सरकार पं. धीरेंद्र शास्त्री से सौजन्य भेंट की। इससे पूर्व अपोलो हॉस्पिटल में चेयरमैन डॉ. सौरभ बड़ेरिया, राजीव बड़ेरिया, डॉ. शोभित बड़ेरिया ने मुख्यमंत्री का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया।


### गुरुदर्शन व आशीर्वचन आज

अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल के शुभारंभ अवसर पर बुधवार 14 मई को शाम 6.00 बजे बागेश्वर धाम सरकार पूज्य पं. धीरेंद्र शास्त्री महाराज के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होगा। ग्लोबल कॉलेज परिसर में गुरुदर्शन एवं आशीर्वचन कार्य म आयोजित होगा। इससे पूर्व बागेश्वर धाम सरकार के द्वारा अपोलो हॉस्पिटल का लोकार्पण किया जाएगा।

-विस्तृत पेज 4-5 पर



















# बस्ती में शराब दुकान हटवाने ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

## महिलाओं ने दिया धरना, अनुसूचित बस्ती में खुली है शराब की दुकान

**पन्ना, यशभारत। जिले के सलेहा कस्बा अंतर्गत अनुसूचित जाति की बस्ती के पास संचालित शराब दुकान के सामने सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, पुरुष, बच्चे, युवा और बुजुर्ग अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। लोगों का कहना है कि जब तक शराब दुकान यहां से नहीं हटेगी, तब तक हम भी नहीं हटेंगे।**



मामला इस प्रकार है कि 7 अप्रैल को लोगों द्वारा दुकान के सामने धरना प्रदर्शन कर दुकान हटवाने की मांग की गई थी। बस्ती के लोगों का कहना है कि शराब दुकान यहां संचालित होने से नशेड़ियों और आसामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है, जिससे महिलाएं बच्चियां पानी भरने नहीं या धार्मिक स्थल दर्शन पूजन करने नहीं जा पाती हैं, इसलिए इस दुकान को यहां से हटाया जाए मौके पर पहुंचे तहसीलदार आबकारी विभाग के अधिकारी और पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा एक माह के अंदर दुकान हटवाने का आश्वासन दिया गया था लेकिन एक माह बीतने के बाद भी जब शराब दुकान नहीं हटवाई गई तो 8 मई को गोविंद चौधरी, भागवत वर्मा, पन्नालाल चौधरी, राम जीवन चौधरी, पुष्पेंद्र चौधरी और प्रवीण जैन सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, बच्चे, युवा और बुजुर्ग शराब दुकान के सामने धरने पर बैठ गए और जब तक शराब दुकान नहीं हटेगी तब तक हम भी नहीं हटेंगे जैसे नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा लोगों के द्वारा धरना प्रदर्शन करते हुए शराब दुकानए आबकारी विभाग और शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की जा रही है।

# नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में सेवाएं देंगे युवा

**कटनी, यशभारत।** मायभारत, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार देश भर के युवाओं को मायभारत नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में नामांकन के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। यह राष्ट्रव्यापी आहान युवाओं को राष्ट्रीय कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाने का एक संगठित प्रयास हैए विशेष रूप से आपातकालीन और संकट की स्थितियों में इस पहल का उद्देश्य एक प्रशिक्षित, उत्तरदायी और लचीली स्वयंसेवक शक्ति का निर्माण करना है जो प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं सार्वजनिक आपातकाल और अन्य अनपेक्षित परिस्थितियों में नागरिक प्रशासन का सहयोग कर सके। वर्तमान परिद्रश्य और उभरती सुरक्षा चिन्ताओ को ध्यान में रखते हुए एक मजबूत समुदाय आधारित प्रतिक्रियातंत्र स्थापित करने की तत्काल आश्यकता है। अधिक जानकारी के लिए रायकालोनी कार्यालय कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# सेवा, करुणा और समर्पण की शपथ ली नर्सिंग स्टाफ ने

## जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग डे



कटनी, यशभारत। जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग डे मनाया गया। इस अवसर पर नर्सिंग स्टाफ की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मरीजों की सेवा, करुणा और समर्पण के भाव को केंद्र में रखते हुए नर्सिंग ग प्रोफेशन की महत्ता को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नर्सिंग एसोसिएशन द्वारा किया गया। इस दिन को मनाने का उद्देश्य लोरेंस नाइटिंगेल जैसी महान नर्सों की सेवा भावना को याद करना और नर्सिंग पेशे में कार्यरत सभी लोगों को प्रेरणा देना है। नर्सिंग एसोसिएशन की अध्यक्ष रेशमा अंसारी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत पहली नर्स को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। उपस्थित सभी नर्सिंग स्टाफ ने सेवा को अपना धर्म मानते हुए मरीजों के प्रति अपनी जिम्मेदारी को दोहराया। इस अवसर पर सभी नर्सों ने मरीजों की देखभाल को सर्वोपरि रखते हुए मानवता के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने का संकल्प लिया। मरीजों के परिजनों ने भी नर्सिंग स्टाफ के योगदान की सराहना की और कहा कि अस्पताल में नर्स ही सबसे पहले सहयोग और सहानुभूति का हाथ बढ़ाती हैं। ट्रामा सेंटर की वरिष्ठ नर्सों को उनके दीर्घकालीन सेवाओं के लिए समानित भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान नर्सिंग स्टाफ ने कहा कि नर्सिंग केवल पेशा नहीं, बल्कि एक सेवा भाव है। हर नर्स मरीज के जीवन में आशा की किरण बनकर काम करती है। नर्सिंग एसोसिएशन का यह प्रयास है कि आने वाले समय में नर्सों को और बेहतर संसाधन व प्रशिक्षण मिल सके।

### आपातकालीन स्थिति में नागरिक करें कंट्रोल रूम से संपर्क

कटनी, यशभारत। वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए जिला प्रशासन के द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम के साथ.साथ कलेक्ट्रेट कार्यालय में भी कंट्रोल रूम बनाया गया है। इस कंट्रोल रूम में जिले के नागरिक किसी भी आपातकालीन स्थिति में संपर्क कर जानकारी दे सकते हैं। कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम का नंबर 07622-220070 और 07622-220071 है। जबकि पुलिस कंट्रोल रूम का मोबाइल नंबर 7587615946 9691919706 है। इस कंट्रोल रूम पर जिले के नागरिक किसी भी आपातकालीन स्थिति में संपर्क कर जानकारी दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा कंट्रोल रूम के उपरोक्त नंबरों पर सोशल मीडिया के माध्यम से भ्रामकए अपुष्ट और तथ्यहीन खबरें प्रसारित करने वालों की भी सूचना दी जा सकती है।



# संत निरंकारी भवन में आयोजित बाल समागम

**कटनी, यशभारत।** संत निरंकारी भवन माधव नगर में जिला स्तरीय बाल समागम आयोजित किया गया, जिसमें कैमोर, बरही, जिन्ना पिपरिया, बढ़वारा, लखापतेरी, इमलिया अन्य कई जगहों से सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया। बच्चों को बचपन से ही मानवीय गुणों के विकास के लिए नाटक डांस कार्यक्रम हुए। नरसिंहपुर से आए ज्ञान प्रचारक महात्मा राहुल चावला की अगुवाई में कार्यक्रम हुआ। नौतन दास केवलानी, राजकुमार हेमनानी, संयोजक कटनी शंकर भाषाणी एवं सोनी भाषानी बाल संगत इंचार्ज उपस्थित रही।

# अपर्णा द्विवेदी की सफलता



**कटनी, यशभारत।** छोटे से गांव में निवास करने वाली बेटी अपर्णा द्विवेदी ने मध्यप्रदेश 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 93.8 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने माता-पिता का मान बढ़ाया है। सभी 6 विषय में विशेष योग्यता के साथ यह अंक हासिल किए हैं। अपर्णा द्विवेदी ग्राम कचोरी की रहने वाली है। छात्रा ने पिता राजेश द्विवेदी, माता श्रीमती माधुरी द्विवेदी एवं गुरुजनों को इस सफलता का श्रेय दिया है। उन्होंने बताया कि मेरे माता-पिता मुझे लगातार पढ़ने के लिए मोटिवेट करते रहे। इस कारण से मुझे अच्छे अंक प्राप्त हुए हैं। अपर्णा द्विवेदी के पिता राजेश द्विवेदी शाहनगर तहसील में पटवारी के पद पर कार्यरत हैं तथा उनकी माता श्रीमती माधुरी द्विवेदी ग्रहणी है।

# सिद्धपीठों के संस्थापक के रूप में शंकराचार्य का योगदान वंदनीय

## जनअभियान परिषद द्वारा रीठी ने मनाई शंकराचार्य जयंती

**कटनी, यशभारत। जन अभियान परिषद विकासखंड रीठी द्वारा विकासखंड स्तरीय आदि शंकराचार्य की जयंती के अवसर पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि आचार्य प्रशांत महाराज श्रीधाम वृंदावन का स्वागत विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह ने किया।**



आचार्य प्रशांत ने बताया कि आदि शंकराचार्य जयंती वैशाख शुक्ल पंचमी को मनाई जाती है। इस दिन को आदि शंकराचार्य के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है, जिन्हें अद्वैत वेदांत के संस्थापक और एक महान दार्शनिक के रूप में सम्मानित किया जाता है। अतिथि रामसुजान द्विवेदी ने बताया कि शंकर दिग्विजय, शंकरविजयविलास, शंकरजय आदि ग्रन्थों में उनके जीवन से संबन्धित तथ्य उद्घाटित होते हैं। विशिष्ट अतिथि सचिव संघ के अध्यक्ष सुक्खी लाल यादव ने भी विचार व्यक्तम किए। नवांकुर संस्था अध्यक्ष कोदूलाल हल्दकार नरे जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत महत्वपूर्ण विचार रखे। इस अवसर पर उमेश त्रिपाठी, सुरेंद्र पाठक, मो मुस्तकीम खान, श्रीमती आशा रजक, दिनेश कुमार एवं समितियों के सदस्यों के साथ परामर्शदाता अरुण तिवारी, गोवर्धन रजक, शरद यादव, श्रीमती भावना सिंह की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन शरद यादव व आभार प्रदर्शन अरुण तिवारी द्वारा किया गया।

# यंग डिस्ट्रॉयर ने निवार सुपर किंग्स को हराया

निवार प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 11 का शुभारंभ



**कटनी, यशभारत।** निवार में निवार प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट 11वें सीजन में मंगलवार को तीसरे लीग मैच में निवार सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 10 विकेट पर 78 रन बनाए। जिसमे आरिफ ने सर्वाधिक 33, सोनू ने 11, टीम डिस्ट्रॉयर से गेंदबाजी में प्रशांत दुबे ने 3 एवं अभिषेक शुक्ला और अंशुल दुबे ने 2-2 विकेट प्राप्त किए। लक्ष्य पीछा करने उतरी यंग डिस्ट्रॉयर निवार ने 8.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर जीत दर्ज की सुमित दुबे ने सर्वाधिक 26 रन, प्रशांत दुबे 15 एवं अंशुल दुबे ने 14 रनों का योगदान कियाए निवार सुपर किंग्स के लिए वेदांत और अनुज को 2-2 विकेट लिए। शानदार प्रदर्शन के लिए प्रशांत दुबे को मेन ऑफ द मैच पुरस्कार दिया गया।



# पहाड़ी में खुलेआम बिक रही अवैध शराब

## पुलिस का संरक्षण, विभाग की सांठगांठ, जनपद सदस्य ने लगाए आरोप

**कटनी, यशभारत।** ग्राम पंचायत पहाड़ी के ग्राम पहाड़ी में अवैध शराब की बिक्री कई स्थानों पर दुकान व पैकारी खोलकर की जा रही है। यहां तक की कुछ लोगों द्वारा अपने घरों से ही अवैध शराब का विक्रय किया जा रहा है। जनपद सदस्य राकेश साहू के नेतृत्व में गांव के लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शराब का विक्रय बंद करवाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि जनपद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम धपई, तखला, निवार, देवरीसानी, टिकरिया, भदौरा में अवैध पैकारियां चलाई जा रही है। जिससे ग्रामवासी परेशान हैं। स्कूल की छात्राएं स्कूल जाने में डरती है। ग्रामीणों ने कईयों बार अवैध शराब विक्रय की सूचना दी लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई, जिससे विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग रहा है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से अवैध शराब विक्रय को तत्काल बंद कराने की मांग की है।

# क्लासेस में कराया जा रहा अंग्रेजी बोलने का अभ्यास

## विजयराघवगढ़ में समर कैंप का आयोजन



**विजयराघवगढ़, यशभारत।** शासन के निर्देशन में संदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में समर कैंप का आयोजन चल रहा है, जिसमें स्पोकन इंग्लिश, संगीत गायन एवं वादन की कक्षाएं दिलीप नामदेव द्वारा संचालित की जा रही हैं। स्पोकन क्लासेस में विषय विशेषज्ञ द्वारा बच्चों को अंग्रेजी बोलने का अभ्यास कराया जा रहा है। विद्यालय में संचालित अटल टिंकरिंग लैब में डिजिटल साक्षरता एवं नवाचार संबंधित जानकारी विभागीय विशेषज्ञ ओम प्रकाश सोनी द्वारा दी जा रही है, जिसमे बच्चे 3 डी प्रिंटिंग और रोबोटिक्स के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे है। समर कैंप सुबह 8 से 11 बजे तक संचालित है, जिसमें प्रातः सभा में योग और खेलकूद से प्रारंभ होती है। संस्था प्राचार्य श्रीमती सरस्वती मिश्रा की उपस्थिति में समर कैंप के नोडल अधिकारी जितेंद्र कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में चल रहा है। इस अवसर पर शिक्षकों, छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

# संस्कार भारती विद्यालय उत्कृष्ट परिणाम

## 12वी में नवनीत सुरेखा ने मारी बाजी





**कटनी, यशभारत।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम में संस्कार भारती विद्यालय के छात्रों ने बाजी मारी है। कक्षा 12वी गणित संकाय के छात्र नवनीत सुरेखा ने 98 प्रतिशत, सौम्य बदलानी ने 83 प्रतिशत, राघव दरक ने 82 प्रतिशत, विज्ञान संकाय में तनीशा स्वामी 81 प्रतिशत, हिमांशु चौधरी ने 81 प्रतिशत, कॉमर्स ग्रुप में मानवी बदलानी ने 89.40 प्रतिशत, अदिति अग्रवाल ने 88.40 प्रतिशत, प्रियंका आहूजा ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए अपने माता-पिता एवं अभिभावकों का नाम रोशन किया है। इसी तरह कक्षा 10वी में सी बी साहू 94 प्रतिशत, सेजल पटेल ने 93 प्रतिशत, युग रावत ने 91 प्रतिशत, वंश नौगरहिया ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।













## सर्वोदय की पद्धति पर मिलेगी ट्रेनिंग, पार्टी की आइडियोलॉजी से जोड़ने का प्रयास

# खुद के खर्चे पर प्रशिक्षण लेंगे कांग्रेस कार्यकर्ता

**कटनी, यशभारत।** चुनावों में हार और दलबदल के बाद अब कांग्रेस अपने कैडर मैनेजमेंट पर फोकस कर रही है। अपने सभी विधायकों, जिलाध्यक्षों, जिला प्रभारियों, विधानसभा प्रभारियों को अब कांग्रेस आवासीय प्रशिक्षण देगी। अगले महीने 9 से 15 जून के बीच सर्वोदय की पद्धति पर दो से तीन दिन का यह आवासीय प्रशिक्षण होगा। ट्रेनिंग कैम्प में प्रशिक्षण लेने वाले विधायकों, जिलाध्यक्षों सहित सभी नेताओं को एक निश्चित राशि बतौर पार्टी के पास जमा करनी होगी। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ट्रेनिंग डिपार्टमेंट के चीफसचिन राव और एमपी कांग्रेस के प्रशिक्षण विभाग द्वारा ये ट्रेनिंग कैम्प आयोजित किया जाएगा।

बीते 7 मई को भोपाल में एमपी कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के साथ हुई बैठक में ये तय हुआ है कि पार्टी के कार्यकर्ताओं को आइडियोलॉजी के आधार पर जोड़ने के लिए विधायकों, जिलाध्यक्षों, प्रदेश पदाधिकारियों से लेकर ब्लॉक, मंडलम, सेक्टर और बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिए जाएं। सबसे पहले होने वाली ट्रेनिंग में कांग्रेस पार्टी के इतिहास, राजनीतिक सफरनामे से लेकर वर्तमान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में बताया जाएगा। कांग्रेस ने ट्रेनिंग मॉड्यूल तैयार किया है। इसमें प्रशिक्षणार्थियों को ये बताया जाएगा कि वर्तमान में एआई के युग में फेक न्यूज और कंटेंट और फैक्ट को कैसे पहचानें। विरोधी दल द्वारा सोशल मीडिया पर किए जाने वाले दुष्प्रचार को रोकने के तौर तरीके भी बताए जाएंगे। कांग्रेस का मानना है कि सार्वजनिक जीवन में व्यक्ति के व्यवहार और काम करने के तौर तरीके का कार्यकर्ताओं और आम जनता पर बड़ा असर पड़ता है। ट्रेनिंग में मोबाइल मैनेजमेंट, मीडिया और सोशल मीडिया मैनेजमेंट भी सिखाया जाएगा। प्रशिक्षण विभाग से जुड़े एक सदस्य ने बताया कि कई नेता अपने वॉट्सऐप पर रीड रिसिप्ट ऑन किए रहते हैं। ऐसे में जब कोई वॉट्सऐप पर मैसेज भेजता है तो यह पता नहीं चलता कि मैसेज देखा या नहीं, नेताओं के वॉट्सऐप पर प्रोफाइल फोटो, बायोपब्लिक होना चाहिए।



चुनावों में हार और दलबदल के बाद कैडर मैनेजमेंट पर फोकस कर रही पार्टी

### 8 अलग-अलग सत्रों में एक्सपर्ट्स देंगे ट्रेनिंग

कांग्रेस विधायकों, जिलाध्यक्षों, जिला प्रभारियों और विधानसभा प्रभारियों को ट्रेनिंग देने के लिए देश भर के अलग अलग सब्जेक्ट एक्सपर्ट्स बुलाए जाएंगे। दो दिनों में करीब सात-आठ सत्रों में अलग.अलग विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। कांग्रेस के संगठन प्रभारी महासचिव संजय कामले के अनुसार लंबे समय से पार्टी इस बात पर विचार कर रही थी कि हमारे सभी नेतागण और कार्यकर्ता प्रशिक्षित हों और उन्हें उनके दायित्वों की जानकारी हो। एक प्रशिक्षण विभाग का गठन किया गया था। महेन्द्र जोशी उसके अध्यक्ष हैं। उनके नेतृत्व में एक प्रजेंटेशन दिया गया था। जिसमें सैद्धांतिक रूप से ये तय किया गया है कि 9 से 15 जून के बीच दो से तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। उस प्रशिक्षण में सभी जिलाध्यक्ष, विधायक, जिला प्रभारी, सह प्रभारी, पीसीसी के सभी पदाधिकारी शामिल होंगे।



## तलवार लेकर घूम रहा बदमाश गिरफ्तार

### स्लीमनाबाद पुलिस ने नीमखेड़ा रोड से दबोचा

कटनी, यशभारत। स्लीमनाबाद पुलिस द्वारा बदमाशों और असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मुखबिरों की सूचना पर ग्राम भरदा बड़खेरा निवासी नीलेश कोल को नीमखेड़ा रोड मरघटाई रोड के पास लोहे की तलवार लिए हुए आने जाने वाले लोगों को डराते धमकाते हुए पकड़ा गया। पुलिस जब वहां पहुंची तो आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे पकड़कर तलवार जप्त कर धारा 25 आर्मस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से माननीय न्यायालय से जेल वारंट प्राप्त होने पर आरोपी को जिला जेल कटनी मे दाखिल किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी अखलेश दाहिया, एसआई काशीराम झारिया, आरक्षक अभिषेक, दीपक, सोनेलाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## दो आरोपियों से 3 किलो 700 ग्राम गांजा जब्त

**विजयराघवगढ़ पुलिस ने की कार्रवाई**

**कटनी, यशभारत।** विजयराघवगढ़ पुलिस ने नारकोटिक्स एक्ट के तहत बड़ी कार्यवाही की। विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी रीतेश शर्मा ने पुलिस टीम के साथ रेड कार्यवाही करते हुये मादक पदार्थ गांजा की जब्ती कर तीन आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही की है। थाना प्रभारी ने बताया कि नशीले पदार्थ बेचने वालों के विरूद्ध कार्यवाही कर नशा पर अंकुश लगाने के लिए निर्देशित किया गया है। जिस पर विजयराघवगढ़ पुलिस द्वारा दो स्थानों पर रेड कार्यवाही करते हुये दो आरोपियों से 3 किलो 700 ग्राम गांजा जब्त कर दोनों आरोपियों के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया गया। ग्राम हिनौता निर्माणाधीन नवीन पुल के नीचे ग्राम खिरवा नम्बर 1 निवासी भोला चौधरी के कब्जे से 1 किलो 600 ग्राम मादक पदार्थ गांजा तथा ग्राम टीकर नर्सरी मेन रोड के किनारे ग्राम घुनौर निवासी रंजेश पारधी से 2 किलो 100 ग्राम गांजा बेचने की फिराक में बैठे हुए पाए गए। पुलिस टीम ने रेड कार्यवाही करते हुये दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला रजिस्टर्ड किया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी रीतेश शर्मा, एएसआई जय सिंह ठाकुर, एएसआई जयराम साकेत, आरक्षक अंजनी झा, आरक्षक नीतेश सिंह, आरक्षक चालक मज्जू कोल, की मुख्य भूमिका रही।

# दो दर्जन से अधिक पुलिस कर्मचारी इधर से उधर

### प्रशासनिक कार्यव्यवस्था के तहत एसपी ने किए तबादले

कटनी, यशभारत। प्रशासनिक कार्यव्यवस्था के तहत एसपी द्वारा पुलिस विभाग में तबादले किए गए हैं। जारी किए गए आदेश के तहत 26 पुलिसकर्मियों की नई तैनाती की गई है। अधिकतर पुलिसकर्मी पुलिस लाइन से थानों में भेजे गए हैं, जबकि कुछ का तबादला थाने से दूसरे थाने में किया गया है। जारी सूची के अनुसार उप निरीक्षक ओमकार गौठरिया को रक्षित केंद्र से थाना यातायात, कार्यवाहक सहायक उपनिरीक्षक मानकी धुर्वे को थाना स्लीमनाबाद, कार्यवाहक एएसआई दिनेश सिंह बघेल को थाना बरही, एएसआई निसार अली को पुलिस लाइन से रंगनाथ नगर, प्रधान आरक्षक धर्मा चौधरी सीसीटीएनएस से पुलिस लाइन स्टोर, प्रधान आरक्षक चंद्रिका शुक्ला को पुलिस लाइन से थाना रंगनाथनगर, प्रधान आरक्षक जय सिंह को पुलिस लाइन से कोतवाली, प्रधान आरक्षक सतीश तिवारी को थाना रंगनाथनगर से पुलिस लाइन, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र चढ़ार को कोतवाली से बड़वारा, आरक्षक बृजेश कुमार यादव को रंगनाथ नगर, आरक्षक नीरज दुबे सीसीटीएनएस, प्रीति तिवारी को चौकी झिंझरी, सुनील कुमार गुप्ता को लाइन से रंगनाथ नगर, रामसेवक विश्वकर्मा को लाइन से सिलौड़ी चौकी, वीरेंद्र सिंह ठाकुर को लाइन से झिंझरी चौकी, शिवकुमार शुक्ला को यातायात से थाना अजाक, महेंद्र दुबे थाना कोतवाली से रंगनाथ नगर, रक्षा साहू लाइन से थाना बाकल, सत्येंद्र कुमार को बहोरीबंद से पुलिस चौकी बस स्टैंड, राजेश काछी पुलिस लाइन से थाना एनकेजे, कमोद कुमार कोल लाइन से थाना ढीमरखेड़ा, गणेश सिंह चौहान कोतवाली से थाना रंगनाथ नगर, पंजाब सिंह थाना रंगनाथ नगर से थाना कोतवाली, शुभम राजपूत रंगनाथ नगर से लाइन व संतोष यादव को थाना बरही से थाना बड़वारा में पदस्थ किया गया है।




## आम से भरा ट्रक पलटा

**टिकरवारा के समीप हादसा, चालक एवं क्लीनर को आई चोटें**

कटनी, यशभारत। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर झुकेही के समीप ग्राम टिकरवारा के पास तेज रफ्तार से जा रहा आम से लोड ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में ट्रक के चालक व क्लीनर को चोट आई हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। बताया जाता है कि ट्रक क्रमांक डीडी 01 जेड 9896 आम लेकर जा रहा था। इसी दौरान हाइवे पर ग्राम टिकरवारा के पास रफ्तार अधिक होने की वजह से ट्रक चालक का ट्रक से नियंत्रण समाप्त हो गया और ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में ट्रक के चालक एवं क्लीनर को चोट आई हैं। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार जारी है।

**विजयराघवगढ़ पुलिस थाने में बैठक का आयोजन**

## सुरक्षा और शांति बनाए रखने नागरिकों का सहयोग आवश्यक

**विजयराघवगढ़, यशभारत।** एसडीओपी विजयराघवगढ़ वीरेंद्र धार्वे की अध्यक्षता में पुलिस थाने में बैठक आयोजित की गई। बैठक में तहसीलदार मनीष शुक्ला, डॉ. विनोद कुमार, थाना प्रभारी रीतेश शर्मा, पत्रकार, जनप्रतिनिधि, नागरिकों ने भाग लिया। इस दौरान वर्तमान परिवेश में सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए तैयारी पर गहन चर्चा की गई। एसडीओपी ने कहा कि पुलिस किसी भी आपातकालीन स्थिति में कार्रवाई करने के लिए तैयार है। क्षेत्र में सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए पुलिस की सक्रियता और सहयोग के लिए सभी की आवश्यकता है। थाना प्रभारी रीतेश शर्मा ने कहा कि पुलिस का सहयोग करें। किसी भी आपात स्थिति में पुलिस को सूचित करें। क्षेत्र में सुरक्षा शांति बनाए रखने के लिए पुलिस और नागरिकों का सहयोग महत्वपूर्ण है, इसके लिए पुलिस द्वारा नागरिक सुरक्षा सदस्य बनाए जा रहे हैं तथा पहले वॉलिंटियरों की भर्ती की जा रही है। बैठक में जयवंत सिंह चौहान, माधुरी मिश्रा, माजिद खान, मंजूलता बर्मन, रमाकांत तिवारी, मोहम्मद इस्तफाक, छोटे चाचा, अंजनी झा, जयराम साकेत, मंजू कोल, देवांश कछवाहा, आर के झरिया, अरविंद कुमार गर्ग, मीना धुर्वे, पप्पू प्रजापति, जय सिंह ठाकुर, जगदीश पांडे, नेहा सिंह, मुकेश सिंह उपस्थित रहे।



**सूचना**

मैं प्रमोद कुमार पिता श्री कृष्णनंदन प्रसाद उम्र लगभग 45 साल निवासी पाठक कालोनी डीजल शेड हिरवारा तहसील व जिला कटनी म.प्र. यह कथन करता हूं कि मै उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं तथा मेरा पुत्र अमिष कुमार आपके विद्यालय में वर्ष 2024 में कक्षा 10वी की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। मेरे पुत्र के कक्षा दसवी का रोल नंबर 19171982 है। मेरे पुत्र ने परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद विद्यालय से शाला स्थानातरण प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया था जो कि पानी में गिर जाने के कारण पूरी तरह से गल कर नष्ट हो चुका है। मुझे अपने पुत्र को आगामी अध्ययन करवाने हेतु द्वितीय शाला स्थानान्तरण/टीसी की आवश्यकता है क्योकि उक्त द्वितीय टीसी सेक्रेट हार्ट उ.मा.वि. कटनी के समक्ष प्रस्तुत करना है। अतः टीसी प्रदान किये जाने हेतु जो भी शुल्क होगा, वह मैं जमा करने को तैयार हूं द्वितीय शाला स्थानान्तरण प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु यह सूचना प्रकाशित है।

## श्रीमती कमला देवी गौतम का निधन



कटनी, यशभारत। ब्राह्मण समाज कटनी के संस्थापक आजाद चौक निवासी पंडित अमरनाथ गौतम की धर्मपत्नी एवं भाजपा नेता सूर्यकांत गौतम की मातुश्री श्रीमती कमला देवी गौतम का आज प्रातः आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। बड़ी संख्या में स्नेहीजनों और शुभचिंतकों ने निवास पर पहुंचकर शोक व्यक्त किया। उनकी अंतिम यात्रा आज शाम 4 बजे निज निवास आजाद चौक से निकाली जाना थी।

## खेत में बने घर में छिपाकर रखी थी अवैध शराब

**कटनी, यशभारत।** बिलहरी पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ एक बड़ी कार्यवाही को अंजाम देते हुए शराब के ठिकाने पर रेड मारकर एक बदमाश को रंगे हाथों भारी मात्रा में अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया। पकड़े गए बदमाश ने अपने घर के पीछे गड्ढे में शराब छिपाकर रखी थी। बिलहरी चौकी प्रभारी सुयश पांडे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा समाज को नशामुक्त बनाने व अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु प्रभावी कार्यवाहियां किए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। जिस पर बिलहरी पुलिस ने इलाका भ्रमण के दौरान मुखबिरों की सूचना पर ग्राम परोहा पिपरिया स्लीमनाबाद मेन रोड में विजय नारायण लखेरा पिता स्वर्गीय मुरली मनोहर लखेरा के मकान में दबिश दी। आरोपी ने अपने खेत में बने घर के पीछे गड्ढे में अवैध देशी शराब छिपाकर रखी थी। पुलिस ने उक्त ठिकाने से 700 पाव 126 लीटर शराब जिसकी कीमत 77000 हजार रुपए है, जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाई कर माननीय न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया।



















# महानगर स्तर का इलाज अब जबलपुर में, एशिया की प्रतिष्ठित अपोलो अस्पताल में मिलेगी कैंसर को मात







## अपोलो जेबीपी अस्पताल के उद्घाटन की विशेष झलकियां

कल शाम यहां पर उद्घाटन समारोह के समय प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नव निर्मित अस्पताल परिसर का भ्रमण किया।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़ेरिया परिवार को दी शुभकामनाएं



अपोलो अस्पताल के उद्घाटन के बाद सौरभ बड़ेरिया को शुभकामनाएं देते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, विधायक अशोक रोहाणी, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, जिला ग्रामीण भाजपा अध्यक्ष राजकुमार पटेल, राजीव बड़ेरिया दृष्टव्य हैं।



















# डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित, कमिंस करेंगे कप्तानी



## कैमरन, कुहनेमैन शामिल

**मुंबई, यशभारत।** ऑस्ट्रेलियाई टीम अगले माह इंग्लैंड में होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में पैट कमिंस की कप्तानी में उतरेगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने इस मुकाबले के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। ऑस्ट्रेलिया को 11 जून से होने वाले इस खिताबी मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका से खेलना है। ऑस्ट्रेलिया ने इस टीम में ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को भी शामिल किया है क्योंकि वह पीठ की सर्जरी से उबर गये हैं। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में अच्छा प्रदरशन करने वाले सलामी बल्लेबाज सैम कॉन्स्टास ने भी टीम में जगह मिली है। बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन भी इस टीम में शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने टीम की घोषणा करते हुए कहा, - हमें खुशी है कि कमिंस, जोश हैज़लवुड और कैमरन ग्रीन टीम में वापस आ गए हैं। टीम ने श्रीलंका में एक शानदार सीरीज जीत के साथ डब्ल्यूटीसी चक्र को समाप्त किया।,- उन्होंने आगे कहा, - श्रीलंका और भारतीय टीम के खिलाफ जीत से इन हमें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के खिताब का बचाव करने का एक बेहद रोमांचक अवसर मिला है। फाइनल तक पहुंचना समूह के लिए बहुत अहम है और वे लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चुनौती का सामना करने के लिए बहुत उत्साहित हैं, डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम इस प्रकार है- पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स केरी, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कॉन्स्टास, मैट कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लायन, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर. रिजर्व- ब्रेंडन डॉगेट।

# दिल्ली कैपिल्स को अब स्टार्क के बिना ही खेलना होगा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का बचा हुआ सत्र शीघ्र शुरु होने की संभावनाएं हैं पर इस सत्र में दिल्ली कैपिटल्स को अब लगता है कि अपने तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के बिना ही खेलना पड़ सकता है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बची सभी विदेशी खिलाड़ी स्वदेश लौट गये थे। उन्ही में स्टार्क भी थे। अब जो संकेत मिले हैं उससे साफ है कि स्टार्क अब शायद आईपीएल के बाकी बचे मैचों के लिए भारत लौटने वाले नहीं हैं। पिछले सप्ताह युद्ध जैसी स्थिति को देखते हुए ऑस्ट्रेलिया के ज्यादातर खिलाड़ियों ने अपनी देश लौटने में ही भलाई समझी थी। रविवार को मिचेल स्टार्क अपनी पत्नी एलिसा हीली के साथ सिडनी पहुंच गए, जहां उन्होंने मीडिया से बात नहीं की पर उनके मैनेजर ने कहा कि वह पिछले दिन के तनाव के कारण डरे हुए और परेशान हैं। इसलिए बचे हुए सत्र के लिए वह जायं ऐसे संभावना नहीं है। पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच को ब्लैकआउट के कारण बीच में ही रद्द किया गया था तो हर किसी को लग रहा था कि टूर्नामेंट को स्थगित किया जाएगा। शुक्रवार की दोपहर को बीसीसीआई ने एक सप्ताह के लिए आईपीएल के स्थगित पर अगले ही दिन शनिवार 10 मई को संघर्ष विराम की घोषणा हो गयी। ऐसे में टूर्नामेंट के फिर से शुरू होने की बात सामने आई। इसके बाद टीमों ने विदेशी खिलाड़ियों से संपर्क किय पर वे उत्सुक नहीं दिखे। वहीं क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) अपने खिलाड़ियों को वापसी के बारे में व्यक्तिगत निर्णय लेने का अधिकार दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, बोर्ड ने जोर देकर कहा है कि इस तरह के विकल्पों से आईपीएल में भविष्य के चयन या बीसीसीआई के साथ संबंधों पर असर नहीं पड़ना चाहिए, क्योंकि खिलाड़ी कठिन हालातों के कारण वापस आये हैं।

# कोहली के संन्यास से रहाणे को मिल सकता है अवसर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के संन्यास लेने से अब चयनकर्ता किसी अनुभवी बल्लेबाज की तलाश करेंगे। ऐसे में लंबे समय से टीम में वापसी का प्रयास कर रहे आजिंक्य रहाणे को टीम में जगह मिल सकती है। रहाणे ने पिछले कुछ समय में घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। आईपीएल में भी उनका अब तक अच्छा प्रदर्शन रहा है। ऐसे में अगले माह होने वाले इंग्लैंड दौरे के लिए वह टीम में जगह पाने के प्रबल दावेदार उभरे हैं। विराट कोहली से पहले रोहित शर्मा पहले ही टेस्ट से संन्यास ले चुके हैं। इन दो दिग्गजों के एकसाथ जाने से भारतीय टीम में अनुभवी खिलाड़ियों की कमी हो गयी है। ऐसे में रहाणे के अलावा चेतेश्वर पुजारा के लिए टीम में राह बन सकती है। इसका कारण है कि ये दोनों ही इंग्लैंड में भारतीय टीम के मध्य क्रम को मजबूत बना सकते हैं। इंग्लैंड में मुश्किल विकेटों को देखते हुए जो सीम और स्विंग के लिए अनुकूल हैं। रोहित की अनुपस्थिति में भारत को कोहली जैसे अनुभवी और तकनीकी रूप से मजबूत बल्लेबाज की मदद की आवश्यकता थी। ऐसे में जब ये दोनो ही नहीं हैं। रहाणे मध्यक्रम को संभाल सकते हैं। वह जुलाई 2023 से टीम इंडिया से बाहर हैं. रहाणे का इंग्लैंड के खिलाफ हालांकि रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं है। उन्होंने इंग्लैंड में लॉर्ड्स में सिर्फ एक शतक लगाया है लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लॉर्ड्स में 2023 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में उन्होंने 89 और 46 रन बनाए थे।. रणजी ट्रॉफी में रहाणे ने 9 मैचों में 35.92 की औसत से 467 रन बनाए। ऐसे में सबके उनकी मौजूदगी से टीम को मजबूती और अनुभव मिलेगा। वहीं पुजारा की ऑस्ट्रेलिया में 2020-21 में भारत की टेस्ट सीरीज़ में अहम भूमिका रही। पुजारा के नाम पर भी बीसीसीआई इंग्लैंड दौरे के लिए विचार कर सकती है। पुजारा ने पूर्व में इंग्लैंड के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने 39.51 की औसत से 1778 रन बनाए हैं।



# इटली में खेला जाएगा होपमैन कप : आईटीए

**मुंबई, यशभारत।** होपमैन कप टेनिस टूर्नामेंट इटली के दक्षिणी शहर बारी में 16 से 20 जुलाई तक खेला जाएगा। अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीए) ने कहा है कि इस साल इस मिश्रित टीम टूर्नामेंट में इटली, फ्रांस, स्पेन, यूनान, कनाडा और मौजूदा चैंपियन क्रोएशिया की टीमें भाग लेंगी। इसका आयोजन विंबलडन के एक सप्ताह बाद किया जाएगा। मालूम हो कि होपमैन कप के लिए टीमों में एक पुरुष और एक महिला खिलाड़ी शामिल होते हैं। इसके एक मुकाबले में एक पुरुष एकल मैच, एक महिला एकल मैच और एक मिश्रित युगल मैच शामिल होता है पर इस टूर्नामेंट से खिलाड़ियों को रैंकिंग अंक नहीं मिलते हैं। गौरतलब है कि ये टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी हैरी होपमैन के नाम पर, होपमैन कप 1989 में शुरू हुआ और 2020 तक हर साल खेला जाता था। पहले 30 वर्ष तक इसका आयोजन ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर में टेनिस सत्र के पहले सप्ताह में किया जाता था। आखिरी बार इसका आयोजन 2023 में फ्रांस में हुआ था जिसमें क्रोएशिया के डोना वेकिच और बोर्ना कोरिच चैंपियन बने थे।

# वेस्टइंडीज के नये टेस्ट कप्तान की दौड़ में रोस्टन सहित छह खिलाड़ी शामिल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम को नया टेस्ट कप्तान अगले सप्ताह मिल सकता है। ये इसलिए क्योंकि वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि उसने नये कप्तान के लिए छह संभावितों के नाम तय किये हैं जिसमें से वह कप्तान के नाम की घोषणा करेगी। साथ ही कहा कि इन उम्मीदवारों के साक्षात्कर भी उसने लिए हैं। इसके अलावा नए टेस्ट कप्तान को चुनने के लिए अपनाई गई चयन प्रक्रिया को सभी ने पसंद किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार रोस्टन चेस, जस्टिन ग्रीव्स, जोशुआ डा सिल्वा, जॉन कैम्पबेल, जोमेल वॉरिकन और टेविन इमलाच टेस्ट कप्तानी की दौड़ में शामिल हैं। क्रिकेट निदेशक माइल्स बासकॉम्बे, सीडब्ल्यूआई की क्रिकेट समिति के अध्यक्ष हनोक लुईस, मुख्य कोच डैरन सैमी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस डेह्रिंग ने साक्षात्कार लिए। टेस्ट कप्तान के लिए सिफारिशें बासकॉम्बे और सैमी द्वारा की जाएंगी। साथ ही कहा कि कहा, हमें उम्मीद है कि अगले सप्ताह के अंत तक बोर्ड को टेस्ट कप्तान के लिए सिफारिशें मिल जाएंगी। क्रिकेट निदेशक के अनुसार यह है कि प्रक्रिया काफी अच्छी चल रही है। साथ ही कहा कि यह पहली बार है जब हम टेस्ट कप्तान चुनने की इस तरह की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं और क्रिकेट प्रमुखों द्वारा सकारात्मक रवैयर अपनाया गया है। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने टीम के खराब प्रदर्शन को देखते हुए कुछ समय पहले ही कई बदलाव करते हुए कप्तान को भी हटा दिया था। उसका लक्ष्य विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के अगले सत्र की अच्छी शुरुआत करना है।

## मनोरंजन

# भारत-पाक तनाव के बीच कृति खरबंदा के मन में उठे सवाल



**मुंबई, यशभारत।** बालीवुड एक्ट्रेस कृति खरबंदा के मन में कुछ महत्वपूर्ण सवाल खड़े कर दिए हैं, जिन्हें उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर लोगों के साथ शेयर किया। भारत-पाकिस्तान के मौजूदा तनावपूर्ण हालात के मध्य इस पोस्ट को उन्होंने एक टाइटल दिया, ठीक होने का बोझ...। इस टाइटल का गहरा मतलब है, जब देश की सीमा पर तनाव हो, तब सुरक्षित और ठीक होना भी कभी-कभी अपराध बोध जैसा होता है। कृति खरबंदा ने लिखा, आज मैं दो भावनाओं के बीच फंसी हुई महसूस कर रही हूं। एक तरफ, मैं आभार महसूस कर रही हूं कि मैं सुरक्षित हूं और दूसरी तरफ गिल्ट है कि मैं सुरक्षित हूं, जबकि और लोग खतरे में हैं। क्या दोनों भावनाएं एक साथ महसूस करना संभव है? क्योंकि मैं ऐसा महसूस करती हूं, गहराई से। उन्होंने कहा कि जब वह बच्ची थीं, तब उन्होंने कभी भी कोविड-19 जैसी महामारी या युद्ध जैसे हालात की कल्पना भी नहीं की थी। उन्होंने कहा, अब जब मैं बड़ी हो गई हूं, तो मुझे दुनिया की हकीकत कुछ हद तक समझ आने लगी है। लेकिन मेरे अंदर की जो छोटी बच्ची है, वह अब भी इस सबको समझने की कोशिश कर रही है और शायद वह कभी समझ नहीं पाएगी। कृति ने लिखा, मैं उन लोगों के बारे में सोचती हूं जो मौजूदा संकट से गुजर रहे हैं। क्या उन्होंने कभी इसकी कल्पना भी की थी? उन्हें आगे बढ़ने, सुरक्षा करने, लड़ने, शोक मनाने और फिर भी उम्मीद रखने की ताकत कहां से मिलती है? मुझे हमेशा से पता था कि अपने देश के लिए लड़ने का क्या मतलब है। लेकिन आज मुझे एहसास हो रहा है कि मैं शायद कभी नहीं समझ पाऊंगी कि इसके लिए क्या करना पड़ता है।अपने पोस्ट के आखिर में, कृति ने लोगों से पूछा कि क्या वह अकेली हैं जो ऐसा सोचती हैं?



# माधुरी दीक्षित की सादगी ने जीता था डॉक्टर नेने का दिल


**मुंबई, यशभारत।** साल 1999 में बालीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित ने अमेरिका में बसे कार्डियोवैस्कुलर सर्जन डॉक्टर श्रीराम माधव नेने से शादी की। लेकिन इस खूबसूरत रिश्ते के बनने से पहले एक ऐसा मोड़ आया जब डॉ. नेने ने लगभग माधुरी से शादी करने का विचार ही त्याग दिया था। दरअसल, श्रीराम नेने उस समय लॉस एंजेलिस में रहते थे और हॉलीवुड इंडस्ट्री से अच्छी तरह वाकिफ थे। उनका अनुभव वहां के कलाकारों के साथ इतना अच्छा नहीं था कि वह किसी भी फिल्मी व्यक्ति के साथ रिश्ता जोड़ना चाहते। उन्होंने बताया कि वह मराठी बोलते थे लेकिन हिंदी नहीं आती थी और उन्होंने कभी हिंदी फिल्में देखी ही नहीं थीं। इस कारण जब माधुरी के नाम का प्रस्ताव आया तो उन्होंने पहले ही यह सोच लिया था कि वह किसी अभिनेत्री से शादी नहीं करना चाहते। उनका मानना था कि फिल्म इंडस्ट्री के लोग अक्सर दिखावे में रहते हैं और ऐसे में वह एक सामान्य जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते थे। लेकिन चीजें तब बदलीं जब श्रीराम की मुलाकात माधुरी दीक्षित के भाई से हुई। वह बेहद सादगीपूर्ण और डाउन टू अर्थ व्यक्ति थे, जिन्होंने श्रीराम पर सकारात्मक प्रभाव डाला। इसी मुलाकात के बाद डॉ. नेने ने माधुरी से मिलने का फैसला किया और शायद उसी समय उन्होंने पहली बार माधुरी दीक्षित को गूगल किया। लेकिन जब वे मिले तो माधुरी की सादगी, विनम्रता और स्पष्टता ने उनका दिल जीत लिया। उन्होंने पाया कि माधुरी अपनी प्रसिद्धि के बावजूद एक बेहद साधारण और समझदार इंसान हैं। डॉ. नेने ने स्वीकार किया कि माधुरी का जमीन से जुड़ा स्वभाव, उनकी स्पष्ट सोच और फोकस्ड एटीट्यूड उन्हें बेहद पसंद आया। दोनों ने एक-दूसरे को किसी स्टार या डॉक्टर की नजर से नहीं, बल्कि एक इंसान के रूप में देखा और यही से एक मजबूत रिश्ता शुरू हुआ।



# फिल्म शुभम के साथ प्रोडक्शन की दुनिया में कदम रखा समांथा ने

**मुंबई, यशभारत।** फिल्म शुभम के साथ एक्ट्रेस समांथा रुथ प्रभु ने प्रोडक्शन की दुनिया में कदम रख दिया है। फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। एक्ट्रेस समांथा इस वक्त फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। हाल ही में समांथा रुथ ने एक इंटरव्यू में बताया कि कैसे उनके पिता के निधन के कुछ घंटो के बाद ही उन्हें एक फैन के साथ तस्वीर के लिए मुस्कुराना पड़ा था। समांथा ने कहा कि जब वो फोटो के लिए मुस्कुरा रही थीं तो उन्हें एहसास हुआ कि नॉर्मल लोगों से लोग ऐसे मौके पर हंसने की उम्मीद नहीं करते हैं। समांथा ने बताया, ÷मैं कभी तस्वीरों के लिए मना नहीं करती हूं क्योंकि ये वो लोग हैं जिन्होंने हमें वो बनाया है जो आज हम हैं। मुझे याद है हाल ही में दिसंबर में मुझे सुबह मेरी मां का फोन आया कि मेरे पिता का निधन हो गया है। मैं मुंबई से पहली फ्लाइट लेकर चेन्नई जा रही थी, मैं सदमे में थी क्योंकि कुछ वक्त से मेरी मेरे पिता से बात नहीं हुई थी। मैं फ्लाइट में सदमे में बैठी थी बिना किसी रिएक्शन के और मुझे याद है कि कुछ लोग थे जो मेरे साथ तस्वीर लेना चाहते थे और मुझे याद है मैं वहां खड़े होकर मुस्कुराते हुए तस्वीरें क्लिक करवा रही थी।समांथा ने आगे कहा, ऐसा है कि अगर आप तस्वीर क्लिक करवाने के लिए मना करते हैं तो वो आपका मेंटल स्टेट नहीं समझते हैं...किसी के पास जाकर फोटो क्लिक करवाने के लिए कहने में बहुत हिम्मत लगती है।

# पाक अभिनेत्री संग नहीं काम करेंगे हर्षवर्धन राणे



**मुंबई, यशभारत।** भारत-पाक में तनाव के बीच बालीवुड एक्ट्रेस हीना खान और देवोलीना भट्टाचार्य के पाकिस्तानी ट्रोलर्स को दिए झन्नाटेदार जवाब के बाद 'सनम तेरी कसम' स्टार हर्षवर्धन राणे ने भी एक कसम ली है! दोनों देशों के रिश्तों में आई तल्खी का असर सरहद पर ही नहीं, एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री पर भी पड़ा है। डिजिटल युग में दोनों ओर से लोग अपने जज्बात सोशल मीडिया के जरिए जाहिर कर रहे हैं। एक्टर हर्षवर्धन ने इंस्टाग्राम के जरिए अपने फैसले से रूबरू कराया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि फिल्म में पाक कलाकार होंगे तो वह इसका हिस्सा नहीं बनेंगे और सीधे न कह देंगे। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए पोस्ट में हर्षवर्धन ने 'सनम तेरी कसम 2' के लिए लिखा, मैं इस अनुभव के लिए आभारी हूं, लेकिन जैसी आज के समय में स्थिति है, उसे और मेरे देश के बारे में किए गए कमेंट्स को पढ़ने के बाद मैंने यह निर्णय लिया है कि यदि फिल्म में पुरानी कास्ट दोबारा शामिल होने जा रही है, तो मैं सनम तेरी कसम भाग 2 का हिस्सा बनने से इनकार कर दूंगा। बता दें, 'ऑपरेशन सिंदूर' पर पाकिस्तानी कलाकारों ने तल्ख टिप्पणी दी थी। फिल्म सनम तेरी कसम में हर्षवर्धन के साथ काम कर चुकीं पाक अभिनेत्री मावरा ने भारतीय सशस्त्र बल के शौर्य और एक्शन पर नाराजगी जताई थी। मावरा ने ऑपरेशन सिंदूर की आलोचना करते हुए कहा था कि निर्दोष नागरिकों की जान चली गई- अल्लाह हम सबकी रक्षा करे, हमला करने वालों को सदबुद्धि आए।




# फिल्म भूल चूक माफ अब सिनेमाघरों में नहीं होगी रिलीज

**मुंबई, यशभारत।** बालीवुड एक्टर राजकुमार राव की फिल्म भूल चूक माफ अब सिनेमाघरों में रिलीज नहीं हो रही है। फिल्म भूल चूक माफ 9 मई को रिलीज होने वाली थी। अब भारत-पाकिस्तान तनाव की स्थिति को देखते हुए मेकर्स ने फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज नहीं करने का फैसला लिया। अब अपने इस फैसले की वजह से मेकर्स लीगल पचड़े में फंस गए हैं। पीवीआर सिनेमाज ने मैडॉक प्रोडक्शन हाउस के ऊपर 60 करोड़ का मुकदमा ठोका है। पीवीआर सिनेमाज का दावा है कि फिल्म को सिनेमाघरों में ना रिलीज करने के अचानक लिए गए फैसले से पीवीआर को काफी नुकसान हुई है। इस वजह से ही उन्होंने दिनेश विजान के प्रोडक्शन हाउस मैडॉक फिल्म्स पर केस किया है। पीवीआर के सीईओ कमल ज्ञानचंदानी ने कंफर्म किया कि दिनेश विजान के प्रोडक्शन हाउस के खिलाफ 60 करोड़ का मुकदमा दायर किया गया है। मैडॉक फिल्म्स ने अभी इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की है। बता दें, 9 मई को ये फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। हालांकि, फिल्म की रिलीज से एक दिन पहले मैडॉक फिल्म्स की ओर से ऐलान किया गया कि देशभर में सिक्यूरिटी ड्रिल्स को देखते हुए फिल्म अब सिनेमाघरों में रिलीज नहीं होगी। इसी के साथ प्रोडक्शन हाउस ने कहा कि फिल्म अब सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। फिल्म अब 16 मई को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।ह्य

# चलते हाइवा में पथराव के बाद पारधियों ने की लूट

**ड्राइवर और हेल्पर से की मारपीट, 30 हजार रुपये लूटकर फरार**

## रीठी थाना क्षेत्र के जमुनिया मोड़ पर वारदात से सनसनी



**कटनी, यशभारत।** रीठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत जमुनिया मोड़ के पास चलते हाइवा पर पथराव करते हुए ड्राइवर और हेल्पर से मारपीट करने के बाद लूटपाट किये जाने का मामला सामने आया है। पारधी जाति के दो अज्ञात बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया और 30 हजार रुपये की लूट करते हुए फरार हो गए। वारदात के बाद घटना की रिपोर्ट रीठी पुलिस थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़वारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भदौरा नंबर एक निवासी रामचरण बर्मन पिछले एक साल से पुरैनी निवासी अजीत द्विवेदी का हाइवा चलाता है, जिससे रेत की सप्लाई की जाती है। रोजाना की तरह 12 मई की रात महानदी के घुघरी घाट से रेत लोड करने के बाद वह रीठी थाना क्षेत्र के ग्राम मढ़िया गया था। यहां रेत खाली करने के बाद उसने 27 हजार रुपये लिये और वापस कटनी की ओर चल दिया। बताया जाता है कि ड्राइवर रामचरण बर्मन और हेल्पर कृष्ण कुमार बर्मन जब रीठी से कटनी की तरफ आ रहे थे, तभी जमुनिया मोड़ के पास पारधी जाति के चार अज्ञात बदमाशों ने हाइवा पर पथराव कर दिया, जिससे हाइवा का कांच टूटकर ड्राइवर को लग गया और वह चोटिल हो गया। उसने गाड़ी तत्काल रोक दी, तभी दो अज्ञात बदमाश गाड़ी के अंदर घुसे और लोहे के हथियार से ड्राइवर रामचरण बर्मन और हेल्पर कृष्ण कुमार बर्मन पर एक के बाद एक कई वार किए, जिससे दोनों लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े, इसके बाद अज्ञात बदमाशों ने जेब में रखे 27 हजार रुपये पर्स लूटकर फरार हो गए। पर्स में तीन हजार रुपये रखे हुए थे। घटना के बाद ड्राइवर ने गाड़ी मालिक को सूचना दी। गाड़ी मालिक ने ड्राइवर को रीठी थाने ले जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने दो अज्ञात बदमाशों पर बीएनएस की धारा 296, 115 (2), 304, 3/5 के तहत मामला दर्ज किया है।

### इनका कहना है

अज्ञात बदमाशों पर मामला दर्ज करने के बाद उनकी तलाश की जा रही है। जिस स्थान पर वारदात हुई है, वहां से जंगल और पहाड़ लगा हुआ है। आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद बाइक से पहाड़ के उस तरफ चले गए। जिनकी पतासाजी की जा रही है।

**राखी पांडे, टीआई, रीठी**

# आसमान पर बादलों का डेरा, उमस और बेचैनी बढ़ी

**लोगों को भीषण गर्मी से मिली राहत, तेज हवाओं के साथ होगी बारिश, मौसम विभाग ने चेताया**



**कटनी, यशभारत।** दो दिन से मौसम फिर बदल गया है। आज भी शहर के असमान पर बादल छाए रहे। दिन और रात का तापमान तो कम हुआ है लेकिन उमस और बेचैनी बढ़ गई है। यही कारण है कि लोगों को अब गर्मी से परेशानए पसीने से सरोबार चिपचिपाहट से दिक्कतें आने लगी है। कटनी में पिछले दिनों हुई हल्की बारिश का असर अब उमस के रूप में सामने आ रहा है। कल दिनभर तेज उमस का अनुभव किया गया, जिससे आम जनजीवन प्रभावित रहा। आज सुबह से बादल छाए है। मौसम विभाग ने आज कटनी और आसपास के इलाकों में हल्की बारिश की संभावना जताई है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आज बुधवार को इसमें हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जहां दिन का तापमान 35.9 डिग्री है। यह सामान्य से क्रमशः 4 डिग्री अधिक रहा। नौतपा में सामान्य से कम गर्मी रह सकती है। इस वर्ष 25 मई से शुरू होने वाले नौतपा का असर पहले से ही चर्चा में है। नौतपा की यह अवधि 3 जून तक चलेगी। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि इस बार नौतपा के दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से कम रह सकता है। इसका मुख्य कारण 20 मई से सक्रिय होने वाला वेस्टर्न डिस्टर्बेंस है, जो तापमान को प्रभावित करेगा। इसी वजह से मई महीने में अधिकतम तापमान औसत से नीचे बने रहने की संभावना है।

### प्री-मानसून की गतिविधियों से बदलेगा मौसम

1 जून के बाद प्री-मानसून की गतिविधियों में तेजी आने की संभावना है, जिससे तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। इस बार की गर्मी अब तक अपेक्षाकृत कमजोर साबित हो रही है। केवल अप्रैल में अधिकतम तापमान 42.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा था, जो इस सीजन का उच्चतम रिकॉर्ड है। इसके अलावा पूरे मौसम में गर्मी का असर सीमित रहा है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार वर्तमान में कुछ मौसम प्रणाली सक्रिय हैं, जिनकी वजह से प्रदेश के मौसम में परिवर्तन देखने को मिल रहा है। कटनी में आज फिर तेज हवा चलने और हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। पूरे प्रदेश में 14 मई तक गरज-चमक और हल्की बारिश की स्थिति बनी रह सकती है। इसके बाद तापमान में वृद्धि होने की आशंका है, जिससे गर्मी दोबारा असर दिखा सकती है।

# जून माह में रुक जाना नहीं और बोर्ड की परीक्षाएं साथ

**विद्यार्थी असमंजस में, किस परीक्षा में बैठे**



**कटनी, यशभारत।** मध्यप्रदेश बोर्ड ने 10वीं-12वीं के नतीजे जारी कर दिए हैं और इसके साथ ही जून में होने वाली पहले रुक जाना नहीं योजना की परीक्षा की समय.सारणी भी घोषित कर दी है। अब वही छात्र जो इस बार फेल हो गए हैं, उन्हें एक और मौका मिलने जा रहा है, लेकिन असली उलझन तो अब शुरू होती है। छात्र सोच में पड़ गए हैं कि आखिर बोर्ड की दोबारा परीक्षा दें या रुक जाना नहीं में शामिल हों। जून में दो-दो रास्ते खुले हैंए मगर किस पर चलें यह तय करना बड़ा सवाल। छात्रों को अब समझदारी से तय करना होगा कि किस विकल्प से उनका भविष्य चमक सकता है।

जून का महीना छात्रों के लिए दोहरे मौके लेकर आ रहा है। एक तरफहै रुक जाना नहीं योजना के तहत राज्य ओपन बोर्ड की परीक्षा तो दूसरी ओर माध्यमिक शिक्षा मंडल की दूसरी परीक्षा। दोनों ही परीक्षाएं लगभग साथ साथ आयोजित हो रही हैं, लेकिन छात्र असमंजस में हैं कि किस ओर कदम बढ़ाएं। राज्य ओपन बोर्ड की परीक्षा छात्रों को थोड़ी आसान लगती है, इसलिए कई छात्र इसकी ओर झुकाव दिखा रहे हैं। हालांकिए इसमें फीस कुछ ज्यादा है जो आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए मुश्किल बन सकती है। वहीं मंडल की परीक्षा में फीस कम है, इसलिए इसमें छात्रों का रुझान ज्यादा देखने को मिल रहा है। दिलचस्प बात यह है कि छात्र चाहें तो दोनों परीक्षाओं में बैठ सकते हैं लेकिन उन्हें दोनों के लिए अलग-अलग आवेदन और फीस भरनी होगी। इस दोराहे पर खड़े छात्र अब शिक्षकों से सलाह ले रहे हैं कि कौन सा रास्ता बेहतर होगा। सरल परीक्षा या कम खर्च वाला विकल्प। जून में परीक्षा की दोहरी जंग शुरू होने वाली है, अब देखना ये है कि छात्र किस रणनीति के साथ मैदान में उतरते हैं।

## ट्रक की ठोकर से महिला की मौत

**कटनी, यशभारत।** कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक महिला की ट्रक की ठोकर लग जाने से मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार अलोनी नदी के पुल के आगे मोड़ के पास ट्रक क्रमांक एमपी 21 एच 1663 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए 40 वर्षीय वर्षा यादव पति परषोत्तम यादव निवासी खर्रा को ठोकर मार दी थी। उपचार दौरान जिला अस्पताल में महिला की मौत हो गई है। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

## सर्पदंश से बच्ची की मौत

**कटनी, यशभारत।** कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टिकरवारा में सर्पदंश से एक सात वर्षीय बच्ची की मौत हो गई है। घटना से परिजनों में मातम का माहौल है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार कंचन कोल निवासी टिकरवारा को जहरीले सांप ने काट लिया था। परिजनों द्वारा गभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गयाए जहां पर उपचार के दौरान मौत हो गई है।

# नगर निगम के बजट सम्मिलन में हंगामे के आसार

**शहर विकास और कई मुद्दों को लेकर सत्तापक्ष को घेरेगा विपक्ष**

**कटनी, यशभारत।** नगर पालिक निगम का सामान्य सम्मिलन 19 मई को दोपहर 12 बजे से नगर निगम सभाकक्ष में आयोजित किया गया है, जिसको लेकर नगर निगम प्रशासन में तैयारियों में जुटा हुआ है। निगम के बजट सत्र को लेकर होने वाली इस बैठक में जोरदार हंगामे के आसार भी साफ हैं।

सूत्रों से मिली खबरों में बताया गया है कि नगर निगम के उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों पर विगत कई वर्षों से लगभग 20 से 25 प्रकरण में जवाब प्रस्तुत नहीं हुआ है। वर्तमान में विधि विशेषज्ञ पदस्थ है, इसके बावजूद नगर निगम कई प्रकरण हार चुकी है। ये मुद्दा गरमाया हुआ है। विपक्ष इस इस मुद्दे पर सत्ता पक्ष को घेरने की तैयारी में है। इसी तरह पूर्व में परिषद द्वारा पार्षदों और कर्मचारियों को मोबाइल सुविधा उपलब्ध कराए जाने का निर्णय लिया गया था, जिसका अब तक पालन निगम प्रशासन द्वारा नहीं किया गया। इन कुछ मुद्दों पर तीखी झड़प भी होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा रहा। इसके अलावा आयोजित सामान्य सम्मिलन के कामकाज की कार्य सूची भी जारी कर दी गई है।

### पार्षदों ने दागे सवाल

नगर निगम के वरिष्ठ पार्षद मिथलेश जैन द्वारा नगर निगम की संपत्तियों पर शासन के अन्य विभागों अथवा व्यक्तियों का अवैध कब्जा के संबंध में, राममनोहर लोहिया वार्ड पार्षद उमेन्द्र अहिरवार ने दुग्ध डेरियों के संचालन और पशुपालन, इंदिरा गांधी वार्ड के पार्षद ओमप्रकाश सोनी ने नगर में फुटकर फल, सब्जी बाजार के संचालन, महात्मा गांधी वार्ड के पार्षद सचिन कुमार बहरे ने नगर में लगे यूनिपोल, गेन्ट्री और सूचना व होर्डिंग को लेकर सवाल दागे हैं। जिसके जबाव निगम प्रशासन को देना है।




### इन बिन्दुओं पर होगी चर्चा

नगरीय निकाय में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों को चिकित्सा भत्ता का लाभ प्रदाय किये जाने, वित्तीय वर्ष 2024-25 का पुनरीक्षित एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 का प्रस्तावित बजट, ट्रेड लायसेंस हेतु निर्धारित वार्षिक शुल्क राशि में संशोधन, वृद्धि किये जाने की स्वीकृति, वित्तीय वर्ष 2025-26 में भवनों, भूमियों पर सम्पत्तिकर नियम 2020 की गणना अनुसार क्षेत्र वर्गीकरण कर योग्य सम्पत्ति मूल्य एवं समेकित कर में वृद्धि, उपभोक्ता प्रभार दरों में वृद्धि किये जाने व इसके अलावा नगर निगम के बजट पर चर्चा होनी है।

## पुलिस ने जब्त की शराब

**कटनी, यशभारत।** कुठला पुलिस ने बदमाशों के पास से शराब जब्त की है। जानकारी के अनुसार कुठला पुलिस ने ट्रासपोर्ट नगर पुरैनी में रूपलाल रजक निवासी आजाद चौक पुरैनी के पास से 5 लीटर कच्ची महुआ की शराब, कुठला पुलिस ने कछगवां में बब्लू पटेल के पास से 21 पाव प्लेन शराब जब्त की है। इसी प्रकार बाकल पुलिस ने खहरिया में रवि कुमार साहू के पास से 24 पाव देशी प्लेन शराब जब्त की है।


































स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा पी.जी. इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा.लि. प्लांट 18 इंडस्ट्रियल एरिया रिछाई, जबलपुर से मुद्रित एवं वार्ड नंबर 29, बीएसएनएल ऑफिस के पास, द्वारका सिटी रोड, बरगवां, कटनी से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*, सम्पादक अम्बरीश तिवारी सलाहकार संपादक श्याम कटारे। फोन (07622) 230033, डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/2025-27 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.co.in (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)